





# औद्योगिक क्लस्टर और निवेश प्रस्तावों पर हुई अहम सहमति

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब तकनीकी नवाचार, रक्षा उत्पादन और मैन्युफैक्चरिंग में भारत का नया केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. इंदौर में आयोजित 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के दौरान उन्होंने देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठकें कीं, जिनमें नए निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक क्लस्टरों और तकनीकी सहयोग पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने कहा कि वन-टू-वन चर्चाएं निवेशकों में विश्वास का नया संचार हैं. उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल नीतियां, पारदर्शी प्रक्रियाएं और मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगी. उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश अब केवल निवेश का गंतव्य नहीं, बल्कि भारत का उभरता टेक और डिफेंस हब बनकर सामने आएगा.**

▸ निवेशकों से मुख्यमंत्री की वन टू वन मुलाकात

## डिफेंस व सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की ओर कदम

अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक डॉ. सुब्बाराव पवुलुरी से मुख्यमंत्री ने डिफेंस क्लस्टर और अवसंरचना विकास पर चर्चा की. वहीं, एमरॉल्ड इन्फ्राइस्पैट लिमिटेड के निदेशक अनिल भंसाली ने भोपाल के बिंदौरी क्षेत्र में पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव दिया. थॉमसन सेमीकंडक्टर्स प्रालि के सीईओ डॉ. श्रीनिवास अनंत ने बताया कि कंपनी प्रदेश में पैकेजिंग-टेस्टिंग यूनिट, ईवी बस और ट्रक निर्माण इकाई में निवेश करना चाहती है.

### आईटी और जीसीसी सेक्टर में नई संभावनाएं

एएनएसआर ग्लोबल के सह-संस्थापक विक्रम आहूजा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा. बैठक में निवेश, अवसंरचना और प्रशिक्षण प्रोत्साहनों पर चर्चा हुई. वेना इंडिया के निदेशक गौतम यादव और सह-निदेशक पार्थ सेन गुप्ता ने इंदौर में पहले से संचालित जीसीसी केंद्र के विस्तार की योजना बताई और एमपी ग्लोबल कैपेबिलिटी नीति 2025 के तहत प्रोत्साहनों पर चर्चा की.

### ड्रोन और रोबोटिक्स क्लस्टर पर जोर

बीवीजी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन हनुमंत राव गायकवाड़ ने प्रदेश में वैश्विक ड्रोन एवं रोबोटिक्स क्लस्टर स्थापित करने की इच्छा जताई. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ड्रोन नीति-2025 के तहत इस दिशा में हर संभव सहयोग देगी. सोरिंग एयरोटेक के प्रतिनिधि दैविश जैन और डॉ. मनोज देशपांडे से भी ड्रोन क्लस्टर भूमि आवंटन और विश्वविद्यालयों के साथ कौशल विकास पर बातचीत हुई.

### फिल्म, आईटी और हेल्थटेक में भी निवेश की रुचि

लाइट एन लाइट ग्रुप के सैयद जावेद अली ने फिल्म एवं शूटिंग उपकरण विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया. फिल्म पर्यटन नीति, जीएसटी रियायत और सिंगल विंडो सिस्टम पर चर्चा हुई. सोलुजेनिक्स के डायरेक्टर चंद्र कोठापु और क्लिनीसप्लाइज लिमिटेड की निदेशक प्रेरीता बहेती से भी निवेश विस्तार पर विचार-विमर्श हुआ.

## सेना के साथ साइबर सुरक्षा और एआई पर एमओयू

मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के मेजर जनरल गौतम महाजन, ब्रिगेडियर एम.एस. रंधावा, ब्रिगेडियर दीपक पुरी, कर्नल मनोजित सिन्हा और लेफ्टिनेंट कर्नल अरिजीत चंद्र सेन से मुलाकात की. इस दौरान राज्य सरकार और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बीच साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए. यह समझौता रक्षा और नागरिक तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करेगा.

# चौंकाने वाला खुलासा... एक वार्ड में 6 करोड़ से ज्यादा संपत्ति कर कम भुगतान!

▸ निगम के सर्वे में करीब ढाई हजार संपत्तियों में राशि का अंतर




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम ने संपत्ति कर को लेकर एक वार्ड में सर्वे कराया है. सर्वे रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वार्ड की कुल 5 हजार से ज्यादा संपत्ति धारक में से करीब ढाई हजार से अधिक मकान मालिक मौके पर मौजूद भवन का संपत्ति कर कम या आधा ही भुगतान कर रहे है. निगम के दलों द्वारा आंकलन करने पर अंतर की राशि 6 करोड़ रुपए से ज्यादा बन रही है.**

नगर निगम ने पिछले दिनों जीआईएस सर्वे के आधार पर वार्ड 74 में व्यवसायिक गतिविधि और उपयोग को लेकर वसूली करना शुरू की थी, मगर निगम की इस कारवाई का विरोध हो गया. महापौर ने अधिकारियों से कहा कि पहले जनप्रतिनिधियों को जानकारी दो, फिर आगे कार्रवाई करो. इसके बाद महापौर ने अंतर की राशि और संशोधन के लिए 15 दिन के शिविर आयोजित कर करदाताओं से अपील कि वे अपने खातों में सुधार करवा लें. आज निगम खातों में सुधार शिविर का अंतिम दिन है. इस बीच निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर नगर निगम राजस्व अमले के 22 दलों ने वार्ड 74 का मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है. 22 दलों की रिपोर्ट में आश्चर्यजनक खुलासा हुआ है, जिसमें कुल 5009 संपत्तियों में 2413 ऐसी संपत्तियां पाई गई है, जो निगम को संपत्ति कर मौके पर मौजूद निर्माण और प्लॉट के अनुसार कम या सिर्फ आधा ही भुगतान कर रहे हैं.

### चौंका रहे हैं आंकड़े...

नगर निगम के 22 दलों ने वार्ड 74 की रिपोर्ट में बताया कि वर्तमान स्थिति में 2413 मौजूद संपत्तियों के क्षेत्रफल के खातों में अंतर की राशि 6 करोड़ 21 लाख 80 हजार रुपए है. इसमें चालू वर्ष में 2 करोड़ 33 लाख 35 हजार रुपए और अंतर की राशि 3 करोड़ 88 लाख 45 हजार रुपए है. नगर निगम राजस्व दल की रिपोर्ट से समझा जा सकता है कि 5009 प्रापर्टी के सर्वे में 2413 प्रापर्टी यानि कि 50 प्रतिशत प्लॉट और संपत्ति धारक निगम कर का कितना कम भुगतान कर रहे हैं.

### 40% टैक्स कम..!

एक वार्ड के सर्वे से स्थिति स्पष्ट है कि शहर में नगर निगम संपत्ति कर, जलकर का भुगतान रहवासियों द्वारा कितना कम किया जा रहा है. यह एक तरह से निगम संपत्ति कर को चोरी भी मानी जा सकती है. इतना ही नहीं नगर निगम सीमा के 84 वार्ड का सर्वे होना अभी बाकी है. इससे समझा जा सकता है कि निगम को 40 प्रतिशत टैक्स कम मिल रहा है. आगे देखते है कि सभी वार्डो में अधिकारी सर्वे करेंगे या सिर्फ कुछ वार्डों तक ही यह कार्रवाई सीमित रह जाएगी.

## एक नजर में

### 24 करोड़ अकाउंट्स के साथ एनएसई ने दर्ज की नई उपलब्धि

**इंदौर.** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने नवंबर 2025 में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया है. एनएसई पर यूनिक ट्रेडिंग अकाउंट्स की संख्या अब 24 करोड़ से ज्यादा हो गई है. पिछले साल अक्टूबर में यह आँकड़ा 20 करोड़ (200 मिलियन) था, यानि महज़ एक साल में एनएसई ने यह उपलब्धि हासिल की है. यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 31 अक्टूबर, 2025 तक 12.2 करोड़ दर्ज की गई है, जो 22 सितंबर, 2025 को 12 करोड़ (120 मिलियन) का आँकड़ा पार कर चुकी थी. एनएसई के चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, श्रीराम कृष्णन ने कहा भारतीय शेयर बाज़ार में खुदरा निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है. पिछले कुछ सालों में कई मजबूत कदम उठाए गए हैं, जैसे- मोबाइल ट्रेडिंग को आसान बनाना, केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया को सरल करना और निवेशकों की जागरूकता बढ़ाना. इन कदमों ने बदलते वैश्विक व्यापार और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भी निवेशकों की लगातार भागीदारी को बनाए रखा है,

### इमामी ने केश किंग गोल्ड पेश किया

**इंदौर.** केश किंग, भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है केश किंग गोल्ड. इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है. इस रीब्रांडिग के ज़रिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है. अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच को अपनाया है: आयुर्वेद + विज्ञान. इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए प्रीति ए. सुरेका, एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा केश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया कोई बदलाव नहीं है - इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किए गए हैं. केश किंग गोल्ड में आयुर्वेद के ज्ञान और आधुनिक शोध के सटीक नतीज़ों को एक साथ मिलाया गया है.

### आइशर प्रो एक्स डीजल रेंज लॉन्च

**इंदौर.** आयशर ट्रक्स एंड बसेज़, वीई कमर्शियल व्हीकल्स की एक व्यावसायिक इकाई, ने आइशर प्रो एक्स डीज़ल के लॉन्च की घोषणा की, जिससे उसने 2-3.5 टन के छोटे वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में अपनी नई पीढ़ी की पेशकश का विस्तार किया है. इस वर्ष की शुरुआत में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में आइशर प्रो एक्स ईवी के सफल लॉन्च के बाद, डीज़ल वेरिएंट का परिचय आयशर की ईंधन दक्षता और अनुप्रयोग उत्कृष्टता में उद्योग-अग्रणी विशेषज्ञता को उन ग्राहकों और क्षेत्रों के लिए जोड़ता है जिन्हें डीज़ल संचालित समाधानों की आवश्यकता है. विनोद अग्रवाल, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड ने कहा आइशर प्रो एक्स डीज़ल के लॉन्च के साथ, हम भारत में लास्ट माइल लॉजिस्टिक्स को बदलने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं. आइशर प्रो एक्स रेंज- जो अब इलेक्ट्रिक और डीज़ल दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है- हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम अपने ग्राहकों की उस यात्रा में साथ हैं, जिसमें वे भारत के अमृत काल में लॉजिस्टिक्स को नई दिशा दे रहे हैं.

### फोन-पे ने ओपनएआई के साथ रणनीतिक साझेदारी की

**इंदौर.** फोन पे ने, ग्लोबल एआई कंपनी ओपनएआई के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की. इस साझेदारी का उद्देश्य, भारत में यूजर्स द्वारा चैट जीपीटी को बड़े पैमाने पर अपनाने में तेज़ी लाना और पारस्परिक व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है. इस साझेदारी से फोन पे यूजर्स, फोन पे के प्लेटफॉर्म पर चैट जीपीटी के फीचर्स को एक्सप्लोर कर सकेंगें, जिससे अधिक भारतीयों को एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमता के बारे में जानने में मदद मिलेगी. लॉन्च पर फोन पे के फाउंडर, फुल-टाइम डायरेक्टर और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, राहुल चारी ने कहा, फोन पे में, हमने जनसांख्यिकी स्तर पर डिजिटल सेवाओं के लिए बुनियादी ढाँचा तैयार करने में वर्षों लगाए हैं. यह रणनीतिक साझेदारी दर्शाती है कि जब इस क्षेत्र की इनोवेटिव कंपनियाँ साथ आती हैं, तो अत्याधुनिक तकनीक को एक विशाल आबादी तक पहुँचाना आसान हो जाता है. ओपनएआई के साथ यह पार्टनरशिप, हमारी इस यात्रा की रोमांचक शुरुआत है, जिसके लिए हम पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हैं.

### डॉक्टर की सलाह से लें सप्लीमेंट्स

**इंदौर** .आजकल फर्टिलिटी की बात आते ही हर जगह से एक जैसी सलाह सुनाई देती है ये सप्लीमेंट लो, प्रेगनेंसी अपने आप हो जाएगी।. सोशल मीडिया से लेकर दवाख़ाने तक, ये दावे हर जगह दिखते हैं. लेकिन सच्चाई थोड़ी अलग है। डॉ. आस्था जैन, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, इंदौर का कहना है कि यक़ीनन कुछ सप्लीमेंट्स सच में असरदार होते हैं, लेकिन कुछ के असर कम हो सकता है अभी भी जांचा जा रहा हो, और कई ऐसे हैं जिन्हें केवल बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है. भारत में यह और भी ज़रूरी मुद्दा है क्योंकि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, फर्टिलिटी आयु की लगभग आधी महिलाओं में खून की कमी है. वहीं, विटामिन डी की कमी 70 से 100 प्रतिशत आबादी में पाई गई है. ज़िंक और सेलेनियम की कमी भी आम है. ऐसे में सप्लीमेंट्स मदद कर सकते हैं लेकिन उन्हें डॉक्टर की सलाह से और अपनी ज़रूरत के अनुसार लिया जाए, न कि सोशल मीडिया के भरोसे. सप्लीमेंट्स मदद कर सकते हैं, लेकिन वे स्वस्थ जीवनशैली का विकल्प नहीं हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और धूम्रपान या अत्यधिक शराब से परहेज़ ङ्क यही फर्टिलिटी को मजबूत रखने की असली नींव हैं.

# पंजाब नेशनल बैंक का रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आज

**इंदौर.** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 14 नवंबर को रिटेल आउटरीच का आयोजन देश भर में किया जा रहा है. इसी तारतम्य में बैंक के इंदौर मंडल की शाखाओं में भी रिटेल आउटरीच का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य आयोजन इंदौर में गोयल नगर (सर्व सुविधा नगर)- बिचौली मर्दाना रोड स्थित शाखा में होगा.

इस संबंध में जानकारी देते हुए इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि बैंक के पास रिटेल लोन स्कीम में अनेक प्रोडक्ट हैं जो ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक ने तैयार किए है. खासकर नए मकानों, गृह ऋण टेकओवर, फ्लैट की खरीदी के लिए, नए वाहनों की खरीदी हेतु, गोल्ड लोन, शिक्षा लोन आदि रिटेल श्रेणी में आते हैं जो बहुत ही कम ब्याज दर पर उपलब्ध है. 14 नवंबर के रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में उक्त सभी ऋणों के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी जाएगी. साथ ही पात्र ग्राहकों के ऋण तत्काल स्वीकृत भी किए जाएंगे. शहरी क्षेत्रों में स्थित शाखाओं में उक्त ऋणों की मांग अधिक होने से बैंक ने रिटेल आउटरीच की व्यापक तैयारी की है. इस हेतु प्रधान कार्यालय दिल्ली से सीजीएम अमित कुमार श्रीवास्तव एवं भोपाल से अंचल प्रमुख जतिंदर मनकोटिया एवं बैंक के अन्य उच्च अधिकारी भी ग्राहकों के मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे.

# आर्थिक सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर की चर्चा

▸ इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन वीमेन फोरम द्वारा महिला संसद का आयोजन



**इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) वीमेन फोरम ने निजी कॉलेज में दो दिवसीय शीतकालीन सत्र मॉक पार्लियामेंट का ऐतिहासिक आयोजन किया.**

इस विशिष्ट महिला संसद में इंदौर के विभिन्न की महिला उदमी, प्रोफेशनल्स, और शैक्षणिक संस्थानों की छात्राओं के साथ 50 से महत्वाकांक्षी महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.

इन प्रतिभागियों ने सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और लैंगिक समानता जैसे राष्ट्रीय महत्व के विधेयकों पर गहन चर्चा की. कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को वास्तविक संसदीय प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर प्रभावी ढंग से विचार-विमर्श करने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना था. कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा सांसद सुमित्रा महाजन भी उपस्थित थीं और लोकसभा स्पीकर के रूप में विभा जैन ने भूमिका निभाई. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन की यह पहल इंदौर को महिला नेतृत्व, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समझ और प्रबंधन के क्षेत्र में एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करती है.

# प्राकृतिक सौंदर्य और चुनौतियों का संगम दिखा कार रैली में

▸ मध्य भारत मोटर स्पोर्ट्स व मप्र पर्यटन बोर्ड से किया आयोजन



**इंदौर.** मध्य भारत मोटर स्पोर्ट्स द्वारा मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से चार दिवसीय कार रैली हाईलैंड एक्सट्रीम 2025 आयोजित की गई. इस आयोजन का उद्देश्य एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देना व सड़क सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था. इस वर्ष की रैली एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय टीडीएस रैली चैंपियनशिप और ट्राईटेड टीडीएस ट्राई लीग सीरीज के रूप में आयोजित की गई थी. इस रैली में देशभर के शीर्ष रैली ड्राईवरो और नेवीगेटरो ने भाग लिया था, जिन्होंने भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण और सुंदर टीडीएस मार्गो में से एक पर प्रतिस्पर्धा की. निलेश कुमरावत ने बताया कि यह रैली सिमरोल स्थित सेठजी की वाडी रिजार्ट से शुरू हुई जो इंदौर, देवास और खरगोन जिलों से गुजरी जिसमें प्राकृतिक सौंदर्य और तकनीकी चुनौतियों का अदभूत संगम देखने को मिला. इस कार रैली ने 700 किलोमीटर की दूरी तय की. रैली में भारत और एशिया की पहली महिला मोटरसायकल रेसर ऐश्वर्या पिस्से उपस्थित रही. वे देश के राईडर्स के लिए वह एक नई प्रेरणा बनी.

### मोटरस्पोर्ट का रोमांच भी

इस कार रैली में देशभर की 30 टीमों और 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की. इस कार रैली में गर्जन करती इंजनों की आवाज और मोटर स्पोर्ट का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला.



# प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन 16 से

**इंदौर. शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के अंतर्गत शिक्षा स्वास्थ्य न्यास (मालवा प्रांत) द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा. यह आयोजन 16 से 18 नवंबर तक ग्रेटर ब्रजेश्वरी, पिपल्याहाना स्थित एडवांस्ड आयुष वेलनेस सेंटर पर आयोजित होगा.**

न्यास के मालवा प्रांत के संयोजक एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जनजागरण बढ़ाना और लोगों को प्रकृति-आधारित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है. कार्यक्रम के अंतर्गत 16 नवंबर को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक सामूहिक धूप स्नान, वृक्षासन एवं मिट्टी चिकित्सा कैंप आयोजित किया जाएगा।

न्यास के सदस्यों के लिए यह कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा, जबकि मिट्टी चिकित्सा का लाभ लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि मिट्टी चिकित्सा के लिए विशेष रूप से जमीन के छह फीट नीचे से खोदकर निकाली गई मिट्टी में कपूर, हल्दी, घी और केसर मिलाकर एक प्राकृतिक मिश्रण तैयार किया जाएगा. इस प्राकृतिक मिश्रण से शरीर की ऊर्जा, रक्त संचार और त्वचा स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होता है, साथ ही यह तनाव, थकान और त्वचा रोगों में भी लाभदायक सिद्ध होता है. तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन ही 16 नवंबर को विशेषज्ञ चिकित्सक प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों एवं आधुनिक जीवन में उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालेंगे.

**एक नजर में** ▸ महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज के लव यू जिन्दगी कार्यक्रम में बाल दिवस को मनाया अनूठे अंदाज में

# चॉकलेट व खिलौने फैक्ट्री को देखकर उत्साहित हुए स्कूली बच्चे




**इंदौर.** इंदौर की फैक्ट्री में बने खिलौने और चॉकलेट - टॉफ़ी अब विदेशों में भी पसंद किए जा रहे हैं. शहर के एक स्कूल के 150 से अधिक बच्चों ने बुधवार को महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की सखियों के साथ लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की श्रृंखला में नेमावर रोड, उद्योग नगर पालदा स्थित होप्पिंस कंेडी एंड टॉय फैक्ट्री, बर्फानी कन्विनेंट स्कूल के पास पहुंचकर बहुत दिलचस्पी के साथ चॉकलेट और खिलौने बनाने की प्रक्रिया को देखा, सुना, समझा और पहली बार बाल दिवस को इस अनूठे अंदाज में मनाया. फैक्ट्री की ओर से इन सभी बच्चों को उपहार के स्वरुप अनेक चॉकलेट, टॉफ़ी और खिलौने भी भेंट किए गए,

प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल एवं कार्यक्रम संयोजक संध्या मीरचंदानी ने बताया कि एसजीएम हाइट्स स्कूल के 150 से अधिक बच्चों ने 4 बसों में सवार होकर उक्त फैक्ट्री पहुंचकर बड़े कोतुहल और रोमांच के साथ पहली बार चॉकलेट, टॉफ़ी और खिलौनों को बनाने की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा. जब उन्हें बताया गया कि इस फैक्ट्री के उत्पाद अब विदेशों में भी जा रहे हैं और पूरे देश में इन्हें पसंद किया जा रहा है तो बच्चों ने तालियाँ बजाकर अपनी खुशियाँ व्यक्त की. इस मौके पर बच्चों ने कारखाने में इन सभी उत्पादों के कच्चे माल, पैकिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और मशीनरी से लेकर उन सभी प्रक्रियाओं को भी बड़ी दिलचस्पी के साथ देखा और समझा जिनके माध्यम से इंदौर के ये उत्पाद आज दुनिया के अन्य देशों में भी धूम मचा रहे हैं.

### कॅरियर काउंसलिंग का पाठ भी सिखाया

इस मौके पर संध्या मीरचंदानी के साथ एसजीएम स्कूल की स्वाति पांडे भी मौजूद रहीं, जिन्होंने बाल दिवस की पूर्व बेला में बच्चों को करियर काउन्सलिंग का पाठ भी सिखाया. करीब 3 घंटे की इस मुलाकात के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशियों और मस्ती के भाव तैर रहे थे.

# आज सरकारी स्कूल के बच्चों को देंगे उपहार



**इंदौर.** मध्य भारत अग्रवाल सभा के महामंत्री रमेश गुप्ता पीठेवाले की धर्मपत्नी स्व. कृष्णादेवी गुप्ता की चतुर्थ पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 14 नवंबर को दोपहर 3 बजे नवलखा स्थित मनकामेश्वर काँटाफोड़ शिव मंदिर के सामने स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की करीब 250 बालिकाओं को कृष्णा देवी गुप्ता पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से उनकी जरूरतों की सामग्री एवं उपहार भेंट किए जाएँगे. ट्रस्ट के प्रमुख रमेश गुप्ता एवं दीपक गुप्ता मोंटी ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद मृदुल अग्रवाल, समाजसेवी अरविन्द बागड़ी, शैलेष गर्ग सहित अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे. कृष्णा देवी गुप्ता की स्मृति में पिछले 3 वर्षों से समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के अभियान चलाए जा रहे हैं.